खबर संक्षेप

## भैरव बाबा मंदिर में फाग का हुआ आयोजन



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया उर्फ नारायणगंज में प्रसिद्ध भैरव बाबा एवं मां संतोषी माता का मंदिर परिसर में मोहल्ले के नवयुवक एवं मोहल्ले वासियों के सहयोग से फागो का आयोजन किया गया आसपास के शंकरगंज पटेहरा एवं खेरी के फाग गाने बाली मंडली आई हुई थी जो की देर रात तक फागों का मुकाबला चलता रहा आसपास के गांव के लोगों ने फागुन का आनंद लिया

## नगर के बिनोद रंग मंच में आज होगा संगीत मय सुंदर कांड का वाचन

**भुआबिछिया।** नगर भुआ बिछिया में पहली बार नगर के विनोद रंग मंच में संगीत मय सुंदर कांड वाचक अजय याग्निक (दिल्ली) का 25 मार्च दिन मंगलवार को आगमन हो रहा है। अजय याग्निक द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ वाचन विनोद रंग मंच रामलीला मैदान में शाम 5 बजे संपन्न किया जा रहा है, सुंदर कांड पाठ के बाद गंगा आरती की तर्ज पर महाआरती सम्पन्न की जाएगी कार्यक्रम के समापन में भंडारा प्रसाद वितरण होगा आयोजक समिति ने नगर एवं क्षेत्र के सभी सनातनी रामभक्तों, धर्मप्रेमियों से आग्रह किया है कि उक्त कार्यक्रम में सहभागी बन कर पुण्य धर्म लाभ अर्जित करें।

रोजाना नर्मदा भक्त कर रहे हैं परिक्रमा

# आस्था का केन्द्र बनी उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा





* 27 एवं 28 मार्च को होगा सामूहिक आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पतित पावनी अणत नारिणी माँ नर्मदा जिस स्थान पर उत्तर दिशा में प्रवाहित होती है, उस क्षेत्र को उत्तरवाहिनी क्षेत्र कहते हैं।

स्कंध पुराण, मतस्य पुराण, वायु पुराण, पद्मपुराण और भृगु संहिता में वर्णित रेवाखड के श्लोक में वर्णन आता है कि मार्कण्डेय मुनि जी ने युधिष्ठिर सहित पाण्डवों और कुछ देवताओं को उत्तर दिशा की ओर प्रवाहित हुई नर्मदा जी के स्थानों का महत्व कहा है। चैत्र मास में, उत्तरवाहिनी माँ नर्मदा परिक्रमा करने से सम्पूर्ण परिक्रमा का फल प्राप्त होता है।

पुराणों में वर्णित है जहाँ नर्मदा उत्तरवाहिनी, गंगा पश्चिमवाहिनी और सरस्वती पूर्व वाहिनी होती है, तो वह क्षेत्र धर्मपारायण होता है।

जिस स्थान पर माँ रेवा उत्तर वाहिनी प्रवाहित हुई हो और भगवान विष्णु उत्तराभिमुख हो। वहाँ स्नान करने से विष्णुलोक की प्राप्ति होती है।

यही कारण है कि चैत्र माह में माँ नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा की जाती है हमारे नगर को भी माँ नर्मदा का विशेष आर्शीवाद प्राप्त है कि माँ नर्मदा महाराजपुर संगम से घाघी घाट तक उत्तरवाहिनी प्रवाहित हैं। इनकी परिक्रमा करने के लिये किले घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर में संकल्प पूजा के बाद तट परिवर्तन कर परिक्रमावासी महाराजपुर संगम आते हैं और यहां से मंग्लेश्वर मंदिर होते हुये कारीकोन के रास्ते मानादेई, सुरंगदेवरी, सिलपुरा होते हुये घाघी घाट पहुंचते हैं जहां से तट परिवर्तन कर बबैहा और फिर ग्वारी, फूलसागर, आमाटोला, तिंदनी, कटरा होते हुये नगर में प्रवेश करते हैं और व्यास नारायण मंदिर में जल चढ़ाकर अपनी परिक्रमा पूर्ण करते हैं।

पिछले दिनों मुलताई से आकर 22 लोगों का प्रतिनिधि मण्डल उत्तरवाहिनी परिक्रमा में शामिल हुआ। 23 एवं 24 मार्च को भी लगभग 25 से 30 लोगों ने उत्तरवाहिनी माँ नर्मदा परिक्रमा की यह सिलसिला लगातार जारी है। 27 मार्च को परिक्रमा का सामूहिक आयोजन हो रहा है जिसमें लगभग 1000 परिक्रमावासियों के शामिल होने की संभावना है जिसको लेकर शासन-प्रशासन को सहयोग एवं व्यवस्था की दृष्टि से पत्र दिया जा चुका है एवं नगरपालिका प्रशासन से भी सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संपर्क किया गया है। यात्रा में सहयोग हेतु मण्डला के नागरिकगणों से भी लगातार संपर्क जारी है।





## थाना बिछिया पुलिस ने की पशु क्रुरता निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



थाना बिछिया अंतर्गत आज दिनांक 24/03/25 को तड़के सुबह लाल रंग के आयशर ट्रक क्रमांक CG-15-DZ-3203 में अवैध रूप से मवेशी भरकर घुटास तरफ आने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोको के आगे क्रेसर के पास रोड़ पर नाकाबंदी कर ट्रक को रोका गया जिस पर तिरपाल बंधी थी एंव पीछे तरफ लकड़ी के पटिए लगे हुए थे। तिरपाल को हटाकर चैक करने पर ट्रक में कुल 20 नग मवेशी जिनमें 07 नग पड़ा एंव 13 नग भैस जिन्हे ठूस-ठूस कर भरे हुये थे। ट्रक में तीन व्यक्ति मिले जिनका नाम पता पूछने पर अपना नाम ट्रक चालक सलमान खान पिता हनीम खान उम्र 28 साल निवासी शास्त्री वार्ड हनुमानताल जबलपुर, अम्मार पिता गफ्फार शाह उम्र 21 साल निवासी बैगी बासदेवा, कुंडाखुर्द थाना गंगोह जिला सहारनपुर (उ.प्र.) एवं फरमान शाह, उम्र 25 साल निवासी निवासी बैगी वासदेवा, कुंडाखुर्द थाना गंगोह जिला सहारनपुर (उ.प्र.) के रहने वाले बताये। ट्रक चालक एंव उसके साथियो से मवेशियो के ट्रक मे भरकर परिवहन करने के संबध मे कोई वैध दस्तावेज पूछे गए जो दस्तावेज नही होना बताए। आरोपियों द्वारा उक्त मवेशियो को निर्दयतापूर्वक ट्रक मे भरकर अवैध परिवहन करना पाये जाने पर आरोपियों का कृत्य धारा 11 (घ) पशु क्ररता निवारण अधिनियम 1960 तथा 3(5) बीएनएस के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने से आरोपी चालक सलमान खान से उक्त ट्रक क्रमाक CG-15-DZ-3203 किमती करीब 20 लाख रूपये जब्त एंव उसमें भरे हुए 07 नग पडा एंव 13 नग भैस कुल 20 नग ट्रक में भरे हुए मवेशियो को बिछिया कांजी हाउस में सुरक्षार्थ जमा कर तीनों आरोपियों के विरूद्ध थाना बिछिया में पशु क्रुरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## माँ कर्मा जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज में साहू बधु द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 25 मार्च दिन मंगलवार को साहू राम मंदिर से होकर टुकटुक वाटर भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आसपास के साहू बधु के द्वारा विभिन्न संस्कृत कार्यक्रम एवं भव्य शोभा यात्रा निकल जाएगी जिसमें आसपास समाज के साहू बंधु द्वारा इस कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा और माँ कर्मा जयंती पर अन्य कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान किया जाएगा साहू बंधुद्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें सभी लोग मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कहा गया है।

# आदिवासी समाज की चौपाल में नशे को लेकर चिंतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





नशे की लत से हमारी जमीन बिक गई शरीर कमजोर हो गया लड़ाई झगड़े से संबंध खराब हुए कई बार अपमानित होना पड़ा, आर्थिक व मानसिक स्थिति कमजोर हो गई जिससे हम शिक्षा के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। हमारे समाज में शराब नहीं चलती थी यह हमारे ऊपर थोक दी गई है और हम विभिन्न आयोजनों में शराब के सेवन को अपनी परंपरा व संस्कृति समझ रहे हैं। जो हमें गर्त में ले जा रही है। उक्त बातें ग्राम पंचायत बोरिया के पोषक ग्राम बाजा में आयोजित आदिवासी समाज की विशाल चौपाल में जागरूक लोगों द्वारा कही गई। उक्त चौपाल का आयोजन यहां की सरपंच सुषमा मरावी एवं उनके पति पूर्व सरपंच उमाकांत मरावी की अगुवाई में संपन्न हुई। चौपाल में निर्णय लिया गया कि अब गांव में कोई भी व्यक्ति शराब बनाकर विक्रय नहीं करेगा शराब बनाने वाले व पीने वालों से अर्थ दंड लेने की बात कही गई है, इस अवसर पर चौपाल की अध्यक्षता कर रहे गणेश प्रसाद उईके, बालाघाट से पधारे जयपाल धूमकेतु, तुलसीराम मसराम 35 वी बटालियन के कमांडेंट इंदर सिंह परस्ते एवं क्षेत्रीय सामाजिक जागरूक गण हरेंद्र मसराम सुमारू लाल परते, मुरारी लाल मरावी, पुरुषोत्तम कोकड़िया आदि के द्वारा उद्बोधन दिया गया इस दौरान कहा गया कि शराब बनाकर विक्रय करने का धंधा उचित नहीं है। परिवार चलाने के लिए खेती एवं पशुपालन या अन्य कार्य किया जाना चाहिए सामाजिक कार्यक्रमों में शराब वितरण एक कुरीति है इसे पूर्णता है बंद करने का ऐलान किया गया है और आग्रह किया गया कि हमारे पूर्वज दिन-रात मेहनत करके जमीन बनाए हैं इसे शराब पीने के लिए बेचना शर्मनाक है। सभी वक्ताओं ने बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक किया गया।

## सांसद श्री कुलस्ते के सुझाव पर रेल विस्तार की कार्यवाही प्रारंभ

* डी आर एम द.पू.म.रे. ने क्षेत्राधिकार से संबंधित मांगों की ली विस्तृत जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

संसद सदस्यों के मण्डल स्तर समिति की बैठक में क्षेत्राधिकार से संबंधित रेल समस्याओं मांगों एवं सुझावों की जानकारी का विस्तृत विवरण मण्डल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के द्वारा मांगा गया है ताकि रेल विस्तार की कार्यवाही प्रारंभ की जा सके। मण्डला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने रेल विस्तार के लिए विभिन्न सुझाव मण्डल स्तर की बैठक में दिये थे साथ ही डीआरएम द्वारा विस्तृत चाहे गयी जानकारी सांसद कार्यालय से आग्रह पूर्वक मांगी गयी जिसमें छिंदवाड़ा इंदौर पेंचवेली एक्सप्रेस का विस्तार मण्डला फोर्ट तक किया जाये। जबलपुर-लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस का विस्तार मण्डला फोर्ट तक किया जाये। ओवरनाईट एक्सप्रेस का विस्तार मण्डला फोर्ट तक तथा छिंदवाड़ा नैनपुर में चल रही वर्तमान पेंसेजर गाड़ियों की संख्या में वृद्धि कर एक गाड़ी दोपहर और एक गाड़ी रात्रि में चलाई जाये। जबलपुर-चंद्रपुर एक्सप्रेस सप्ताह में 3 दिन चल रही है उसे सप्ताह के शेष दिन जबलपुर-नैनपुर-बिलासपुर तक चलाई जाये। नैनपुर नगर के रेल फाटक में ओवरब्रिज का निर्माण किया जाये साथ ही नैनपुर रेलवे स्टेशन एवं मण्डला फोर्ट रेलवे स्टेशन में पिट लाईन की व्यवस्था की जाये। रेलवे विभाग को दिये गये सुझाव एंव मांगो के अनुरूप रेल विस्तार की कार्यवाही प्रारंभ हुई है। हाल ही में नैनपुर जंक्शन में पिट लाईन निर्माण की व्यवस्था हेतु विभाग की टीम ने स्थल निरीक्षण किया है। उपरोक्त सभी मांगों और सुझाव पर शीघ्र ही अमल किया जायेगा।

संगीत | सुरीली आवाज एवं मधुर धुनों ने मोहा सबका मन

# हम साथ-साथ हैं युगल संगीत संध्या का आयोजन

* संगीतमय संध्या का यह विशेष रहा आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





संगीत प्रेमियों के लिए एक शानदार संगीतमय संध्या का आयोजन मंडला संगीत सरिता ग्रुप द्वारा झंकार भवन में किया गया। इस विशेष संगीतमय प्रस्तुति का नाम ₹हम साथ-साथ हैं - डुएट स्पेशल संगीत संध्या₹ रखा गया, जिसमें 40 से अधिक युगल गीतों (डुएट) की मोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रवीण रंजन चौधरी द्वारा माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न गायकों की सुमधुर प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

### संगीत संध्या में बिखरा जादू

इस कार्यक्रम में लोकप्रिय बॉलीवुड, क्लासिकल और रोमांटिक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। गायकों की सुरीली आवाज़ और मधुर धुनों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति के साथ माहौल और भी संगीतमय होता चला गया, जिससे पूरे झंकार भवन में संगीत का जादू बिखर गया।

### गायकों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी गायकों को ट्रॉफियां प्रदान की गईं, ताकि उनके सुरों की इस संगीतमय यात्रा को सम्मानित किया जा सके। यह आयोजन न केवल संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार शाम साबित हुआ, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने का एक बेहतरीन प्रयास भी रहा।

इस कार्यक्रम की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि मंडला में संगीत के प्रति लोगों की रुचि और प्रेम गहरा है। मंडला संगीत सरिता ग्रुप द्वारा किए गए इस आयोजन को सभी दर्शकों ने सराहा और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन की उम्मीद जताई।

## 24 नग पड़ा और भैस को मुक्त कराकर 14 चका ट्रक किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



दिनांक 23 मार्च को थाना नैनपुर पुलिस को भ्रमण को दौरान ग्राम डुंगरिया सूखा तालाब से एक ट्रक में पड़ा भरकर निकले की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए वाहन ट्रक 14 चका क्रमांक MP20HB6351 को सालीवाड़ा की ओर लेकर आ रहा था जिसे पुलिस टीम द्वारा पीछा कर ट्रक को रोककर ट्रक में बैठे व्यक्तियों से पूछताछ कर ट्रक को चैक किया गया। पुलिस टीम द्वारा ट्रक में ठुस ठुसकर भरे 23 पड़ा एवं 01 भैंस को मुक्त कराकर सुरक्षित रखवाये गये। आरोपियों से उक्त मवेशियों के संबंध में पुछताछ कर आरोपियों के कब्जे से हेवी ट्रक कीमत बीस लाख रूपये जप्त किया गया। आरोपियो द्वारा अवैध रूप से मवेशी 23 नग पड़ा (बोदा) एवं 01 नग भैंस कुल 24 नग को क्रूरतापूर्वक ट्रक में भरकर ले जाने से आरोपियो के विरूद्ध अपराध धारा 11(1) (घ) पशुओ के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960, धारा 66/192 (ए) मोटर व्हीकल एक्ट का अपराध घटित किया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी इमरान कुरैशी पिता इस्लाम निवासी बरवा रसुलपुर थाना बरौर जिला कानपुर देहात, उत्तरप्रदेश, मुस्ताक कुरैशी पिता मुख्तार अहमद ग्राम भैसवाही, थाना नैनपुर व नदीम कुरैशी पिता नईम कुरैशी ग्राम भैसवाही को पुलिस टीम द्वारा अभिरक्षा में लेकर ट्रक जब्त किये गयें।



थाना बिछिया पुलिस ने तीन आरोपियों से 07 नग पड़ा व 13 नग भैस मुक्त कराकर, आयसर गाड़ी किया गया जब्त

## खबर संक्षेप

### हिन्दू हेल्प लाइन के जिलाध्यक्ष होंगे जैनेन्द्र सिंह



डिंडोरी रविवार के दिन महाकौशल प्रांत जबलपुर मे अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद कि बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुये।उक्त बैठक मे वरिष्ठ पदाधिकारियों कि अनुशंशा एवं डिंडोरी जिले के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र विश्वकर्मा कि सहमति से डिंडोरी जिले के नवीन दायित्वों पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया गया है, जिसमे जैनेन्द्र सिंह को सर्वसम्मति से हिन्दू हेल्प लाइन डिंडोरी के जिलाध्यक्ष कि जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा अनुराग रघुवंशी को अधिवक्ता फॉर्म का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।साथ ही शोभित सिकदार को अंतराष्ट्रीय बजरंग दल डिंडोरी के जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।

### ग्राम सरपंच को हटाने पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव दिया आवेदन



**शहपुरा** – डिंडोरी जिला के मेंहदवानी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसी के तत्कालीन सरपंच संतोष कुमार मारकंडे को हटाने उप सरपंच सहित पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव को लेकर शहपुरा एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा के नाम 24 मार्च दिन सोमवार को आवदेन दिए हैं. ग्राम पंचायत सरसी के सरपंच संतोष कुमार मारकंडे ग्राम सरसी के निर्वाचित सरपंच है. आज लगभग सरपंच पद पर रहे ढाई साल होते जा रहे हैं लेकिन अभी तक सरपंच के द्वारा ज्यादा से ज्यादा 6 से 7 ही मासिक बैठक की गई पंचों ने जानकारी में बताया कि सरपंच मनमानी तरीके से फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण करता है और कभी मासिक बैठक भी नहीं रखना जिसे हम समस्त पंचगढ़ उन्हें पद से हटाने के लिए आज शहपुरा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए हैं। साथ ही सरपंच के द्वारा शासन की योजना अनुसार कुछ भी काम नहीं करता है.उन्होंने बताया की अब तक गावो में कुछ भी विकास नहीं हुआ है तथा ग्राम सरसी के आम लोगों द्वारा शासन की योजना के संबंध में कोई भी जानकारी भी नहीं दिया जाता तथा रोजगार गारंटी के तहत मनमानी तौर पर काम कराता है तथा आम लोगों द्वारा जानकारी लिए जाने के संबंध में सरपंच को जानकारी प्राप्त करने पर स्पष्ट रूप से मना कर देता है है, ग्राम पंचायत के व्यक्तिगत व तानाशाही पूर्वक काम करना बिना प्रस्ताव के राशि आहरण करना जैसे तमाम बातों का उल्लेख करते हुए सरसी के आम जनता सरपंच के व्यवहार से क्षुब्ध है।

### सटोरियों के विरुद्ध कार्यवाही में 2 से सट्टा पट्टी सहित नगदी जप्त

**बिजुरी।** 22 मार्च को मुखबिर द्वारा बिजुरी पुलिस को सूचना दी गई कि दो व्यक्ति अलग अलग स्थानो में सट्टा खिला रहे है जिसे घेराबंदी कर पकडा जा सकता है। मुखबिर सूचना पर विजुरी पुलिस द्वारा कपिलधारा कालोनी एवं समनाटोला में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई जो कपिलधारा कालोनी में सागर मण्डल पिता लखन मण्डल उम्र 45 वर्ष निवासी कपिलधारा कालोनी बिजुरी एवं समनाटोला में राकेश साहु पिता रामगोपाल साहु उम्र 44 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 15 समनाटोला के मौके पर अवैध सट्टा काटते पाए जिनके पास एक अदद सट्टा पर्ची, एक सट्टा पर्ची लिखने की डाट पेन एवं नगदी रकम 1900 रुपये बरामद हुआ। अतः उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना बिजुरी में धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अनसंधान मे लिया गया है।

## पेयजल समस्याग्रस्त ग्रामों में मार्च माह तक

# पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करें कलेक्टर मारव्या

**कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक ली। बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। उक्त बैठक में डीएफओ पुनीत सोनकर, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, एसडीएम बजाग वैद्यनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।**



डिंडौरी

कलेक्टर मारव्या ने हाइवे रोड निर्माण की स्थिति की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के लिए अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजा उचित व्यक्ति को ही मिलना चाहिए। कलेक्टर ने एसडीएम बजाग को गाडासरई के बस स्टैण्ड से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए, जिससे मुख्य मार्ग में आवागमन अवरूद्ध न हो। कलेक्टर मारव्या ने आयोजित बैठक में जन अकांक्षा पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने जन अकांक्षा पोर्टल पर लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर मारव्या ने फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, राजस्व वसूली सहित अन्य राजस्व विषयों के लंबित प्रकरणों को त्वरित निपटान करने के निर्देश दिए। उन्हांने लंबित प्रकरणों के कारणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए, शेष लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए पेयजल समस्याग्रस्त ग्रामों में मार्च माह तक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के सभी आंगनवाडीयों में भी पेयजल अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें। उन्होंने सार्थक एप, निर्माण कार्यों, ई-ऑफिस की प्रगति सहित अन्य मुद्दों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिले में व्यवसायिक शिक्षा संचालन के लिए उपकरण क्रय कर लैब स्थापित करने के लिए डीपीसी को निर्देशित किए। नगरपालिका अधिकारियों को नर्मदा घाटां की सफाई डिवाइडरों में पौधारोपण और पौधों में सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चल रहे विभागीय गतिविधियों, अभियानों, सीएम हेल्पलाईन एवं समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों को संतुष्टि के साथ निराकरण कराना सुनिश्चित करें।बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर नायब तहसीलदार समनापुर पंकज नयन तिवारी एवं श्रम पदाधिकारी दामिनी सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## अवैध शराब बिक्री के 4 ठिकाने पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई

डिंडौरी

पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह डिंडौरी के द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम डिंडौरी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बजाग पुरुषोत्तम सिंह मरावी, थाना प्रभारी समनापुर के मार्गदर्शन में चैकी प्रभारी अमरपुर अतुल हरदहा द्वारा अवैध शराब विक्रय पर रोकथाम लगने हेतु टीम तैयार कर दिनांक 23.03.25 को आरोपीया पार्वती बाई पति परम लाल निवासी ग्राम बिजौरी चैकी अमरपुर थाना समनापुर जिला डिंडौरी से देशी मदिरा प्लेन शराब 11 पाव कीमती 880 रूपये एवं अंग्रेजी जीनियस व्हीस्की शराब 04 पाव कीमती 540 रूपये, अंग्रेजी जिनियस रम शराब 06 पांव कीमती 810 रूपये कुल कीमती 2230 रूपये की अवैध शराब जप्त की गई। आरोपी बसंत कुमार पिता भाई लाल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम अमरपुर चैकी अमरपुर से देशी मदिरा प्लेन शराब 15 पाव कीमती 1200 रूपये एवं अंग्रेजी जीनियस व्हीस्की शराब 05 पाव कीमती 675 रूपये, अंग्रेजी जिनियस रम शराब 05 पांव कीमती 675 रूपये कुल कीमती 2550 रूपये की अवैध शराब जप्त की गई। आरोपी राकेश कुमार पिता बुद्धसिंह पुषाम उम्र 28 साल निवासी ग्राम अमरपुर चैकी अमरपुर से देशी मदिरा प्लेन शराब 18 पाव कीमती 1260 रूपये एवं अंग्रेजी जीनियस व्हीस्की शराब 04 पाव कीमती 540 रूपये, अंग्रेजी जिनियस रम शराब 03 पांव कीमती 405 रूपये कुल कीमती 2205 रूपये की अवैध शराब जप्त की गई। आरोपी दीपक कुमार पिता शिवप्रसाद वनवासी उम्र 28 साल निवासी ग्राम अमरपुर चैकी अमरपुर थाना समनापुर जिला डिडौरी देशी मदिरा प्लेन शराब 21 पाव कीमती 1470 रूपये एवं अंग्रेजी जीनियस व्हीस्की शराब 03 पाव कीमती 405 रूपये कुल कीमती 1875 रूपये की अवैध शराब जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में एएसआई रामरतन झरिया, प्रधान आरक्षक संतोष मरावी, गोपनीय सैनिक केहर की अहम भूमिका रही।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

डिंडौरी



आंगनबाड़ी केंद्रों में क्रियान्वित होने वाले पोषण भी-पढ़ाई भी अभियान के लिए जिले की 1869 आंगनबाड़ी केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आज से तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की निगरानी एवं मूल्यांकन कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम सत्र 24 मार्च से 26 मार्च तक सभी 7 बाल विकास परियोजना मुख्यालय में 19 बैच मे आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें आज प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में ष्पोषण भी पढाई भी टाईटल का परिचय कराया गया। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईसीसीई गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये प्रशिक्षकों को प्रक्टिकली जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आवश्यक संसाधनः पीपीटी, वीडियो, प्रोजेक्टर, स्क्रीन, स्पीकर की मदद से प्रशिक्षण को सहज बनाया गया और कार्यकर्ताओं को सहजता से समझाया भी जा सका। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को क्विज भी दिया गया, जो बच्चों के मस्तिष्क और उर्जा को परखने के लिये है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर ने बताया कि भारत सरकार के पोषण भी पढ़ाई भी अभियान आंगनवाड़ियों में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए नवचेतना, अनौपचारिक शिक्षा एवं दिव्यांगता चिन्हांकन से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है। इससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। नवचेतना के तहत जन्म से 3 वर्ष के बच्चों को सीखने, समझने एवं बाल मस्तिष्क विकास की संपूर्णता के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अनौपचारिक शिक्षा में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल-खेल में सहज, सरल तरीके से शालापूर्व तैयारी को सुद्रण करने के लिए इन तीन दिवसीय प्रशिक्षण में दिया जायेगा। प्रशिक्षण संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण मापदंडों के अनुरूप दो सत्रों मे आयोजित किया जा रहे हैं। जिसमें से प्रथम सत्र 24 से 26 मार्च तक होगा। प्रशिक्षण की निगरानी के लिए संचालनालय से भी अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

## शहीदी दिवस पर वीर बलिदानियों को याद कर दी श्रद्धांजलि

शहपुरा



शहपुरा के शहीद स्मारक चौक में गौरव शहीद दिवस पर जनप्रतिनिधि एवं नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा शहीद दिवस मनाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं रिटायर्ड सैनिकों को सम्मान किया गया सोन लाल परस्ते नागेंद्र सिंह चौहान राजेन्द्र साहू सुरेश कुमार दुबे सैनिक का सम्मान किया गया

शहीद-ए-आज़म भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर मुक्तसर विकास मिशन ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बलिदानी पूरे देश के अनमोल रत्न होते हैं और उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।भारत में केवल एक दिन नहीं बल्कि सात शहीद दिवस मनाए जाते हैं। यह दिन 30 जनवरी 23 मार्च 19 मई 21 अक्टूबर 17 नवंबर 19 नवंबर और 24 नवंबर हैं।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राज गुरू और सुखदेव श्रद्धांजलि अर्पित कर पुष्पमाला अर्पित किया गया।इस दौरान सबसे पहले उक्त बलिदानियों के चित्रों पर हार पहनाकर पुष्पांजलि अर्पित किए गए। इस समय सभी वक्ताओं ने कहा कि बलिदानी पूरे देश के अनमोल रत्न होते हैं तथा वे पूरे समाज का गौरव होते हैं।

### हंसते-हंसते चढ़ गए थे फांसी पर

अपने भाषण में वाशिष्ठ नेता समाजसेवी श्याम गुप्ता व विष्णु अवधिया ने कहा कि 23 मार्च 1931 को तीन महान क्रांतिकारी योद्धाओं भगत सिंह, सुखदेव और राज गुरु ने देश की आजादी के लिए लड़ते हुए युवावस्था में ही अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमकर पूरी दुनिया में एक अनूठी मिसाल कायम की। इन बलिदानियों के बलिदान के कारण ही आज हम आजादी के सुख का आनंद ले रहे हैं और उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।अंग्रेजों ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की फांसी के लिए 24 मार्च, 1931 की सुबह 6 बजे का वक्त तय किया था। लाहौर सेंट्रल जेल के बाहर दो दिन पहले ही लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा होने लगी थी। जिसकी वजह से लाहौर में धारा 144 लागू करने की नौबत आ गई लेकिन लोगों पर इस धारा का भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा। जिससे अंग्रेज बहुत घबरा गए और इन दिनों को 12 घंटे पहले ही फांसी दे दी गई। दुखद बात है कि इन तीनों को अपने परिजनों से आखिरी बार मिलने का भी मौका नहीं मिला।इन दिनों पर भी मनाया जाता रहै शहीद दिवस

उल्लेखनीय है कि शहीदों के सम्मान में भारत में हर साल सिर्फ 23 मार्च ही नहीं बल्कि कुल सात शहीद दिवस मनाए जाते हैं। यह सात दिन 30 जनवरी, 23 मार्च, 19 मई, 21 अक्टूबर, 17 नवंबर, 19 नवंबर और 24 नवंबर हैं।

### विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत नामांकन कराए जाने लगाई गई ड्यूटी

अनूपपुर। प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लोकव्यापीकरण का मुख्य उद्देश्य 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का कक्षा 01 से 12 तक शत प्रतिशत प्रवेश एवं उनकी गुणवत्ता शिक्षा सुनिश्चित करना है। वर्ष 2025-26 का अकादमिक सत्र 01 अप्रैल 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि वर्ष 2024-25 में कक्षा 01 से 07 में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं का कक्षा 2 से 8 में एवं कक्षा 8 से 11 तक अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 से 12 में शत प्रतिशत नामांकन की कार्यवाही निर्धारित समयावधि में पूर्ण की जाएगी। कक्षा 2 से 12 तक नामांकित समस्त छात्र-छात्राओं की समग्र शिक्षा पोर्टल पर अद्यतन करने की कार्यवाही 31 मार्च तक पूर्ण की जाएगी। उक्त प्रक्रिया के प्रचार-प्रसार व कक्षा 01 से 12 तक के विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत नामांकन कराए जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली ने ग्राम पंचायतवार जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है, जो 30 अप्रैल 2025 तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को आवंटित पंचायत क्षेत्र में भ्रमण कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराएंगे एवं आवंटित पंचायत अंतर्गत एक भी शाला त्यागी/अप्रवेशी विद्यार्थी न हो यह सुनिश्चित करेंगे।

## भ्रष्टाचार की जांच शुरू होते ही सहायक आयुक्त का स्वास्थ्य खराब, चर्चाओं का बाजार गर्म..?

**डिंडौरी** सीएम मोहन यादव के कार्यक्रम में हीरो बन कर मंच में टहलने वाले भ्रष्टाचारी संतोष शुक्ला अचानक अस्वस्थ हो गए हैं, सोशल मीडिया में संतोष शुक्ला के राजनीतिक रसूख और सत्ता से नजदीकियों को लेकर सोशल मीडिया में तेजी से सवाल उठाए जा रहे थे। सूत्रों का कहना है कि जब भी शुक्ला के फर्जीवाड़े और भ्रष्टाचार की जांच शुरू होती हैं तब संतोष शुक्ला की तबियत अचानक खराब हो जाती हैं, पूर्व वर्षों में लोकायुक्त छापा पड़ते ही शुक्ला अस्पताल में भर्ती हो गए थे, एक बार फिर जांच शुरू होते ही संतोष शुक्ला ईलाज कराने की तैयारी में है ...?आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में आदिवासी कल्याण विभाग में लंबे समय से सहायक आयुक्त के पद पर जमे संतोष शुक्ला भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े की जांच शुरू होते ही अस्वस्थ होने का बहाना बनाकर छुट्टी पर चले गए हैं।सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला के विरुद्ध स्मार्ट क्लास घोटाला, छात्रावासों में सामग्री सप्लाई, स्कूल/छात्रावास मरम्मत, खेल सामग्री, और निर्माण कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपए सरकारी धन खुर्द बुर्द करने का आरोप है। विगत दिनों स्वतंत्र मत में शुक्ला के भ्रष्टाचार को लेकर भ्रष्टाचार उजागर किया गया था, साथ ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार के शिकायत पर कलेक्टर नेहा मारव्या ने तीन सदस्यी जांच टीम गठित कर एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया गया था।कलेक्टर नेहा मारव्या ने 24 मार्च को आदेश जारी कर संतोष शुक्ला के अस्वस्थ होने पर संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी को सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग का प्रभार सौंपा है।

वहीं संतोष शुक्ला के अचानक अस्वस्थ होने पर जिले में trh तरह की चर्चाओं का बजार गर्म है.. लोगों का कहना है कि सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला अस्वस्थ होने का बहाना बनाते हुए अपने कथित आकाओं की मदद से जांच को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे, अब देखना होगा कि कलेक्टर द्वारा गठित जांच समिति भ्रष्टाचारी और फर्जीवाड़े में महारथ रखने वाले शुक्ला की हेराफेरी की सच्चाई कितना उजागर कर पाते है...?

## संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों का भोपाल में शैक्षणिक भ्रमण

अनूपपुर।



संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज, अनूपपुर के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान देने के उद्देश्य से एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र में आधुनिकतम सुविधाओं और तकनीकी विकास से परिचित कराना था। विद्यार्थियों को भोपाल स्थित प्रसिद्ध एम्स हॉस्पिटल, अपोलो सेज हॉस्पिटल एवं सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें चिकित्सा सुविधाओं की उच्चतम मानकों का अनुभव प्राप्त हुआ।

### एम्स, अपोलो सेज हॉस्पिटल एवं सागर हॉस्पिटल

ये सभी हॉस्पिटल भारत के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में से एक है, जो उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। यहां विभिन्न चिकित्सा विभागों में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं, अत्याधुनिक उपकरणों और चिकित्सा विज्ञान में नवाचारों से विद्यार्थियों को रूबरू कराया गया। हॉस्पिटल के विभिन्न वाड्र्स, ऑपरेशन थिएटर, पैथोलॉजी लैब्स और अन्य चिकित्सा विभागों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन और संचालन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अस्पताल के विभिन्न पहलुओं को समझा, जैसे- रोगियों का उपचार, चिकित्सा कर्मियों का कार्य, नई मेडिकल तकनीकियों का उपयोग, और कैसे अस्पताल में मरीजों को सबसे बेहतर देखभाल दी जाती है। उन्हें यह भी बताया गया कि कैसे एक हॉस्पिटल की कार्यप्रणाली से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि को सही तरीके से संचालित किया जाता है।

### भविष्य के लिए प्रेरणा

इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र में काम करने के तरीके को समझने के साथ-साथ यह भी बताया कि विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाओं का संचालन कितना चुनौतीपूर्ण और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य होता है। यह भ्रमण विद्यार्थियों को अपने करियर के प्रति और अधिक प्रेरित करेगा और उन्हें इस क्षेत्र में बेहतर और सक्षम पेशेवर बनने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करेगा। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ से सीखा कि एक अच्छे स्वास्थ्य पेशेवर के लिए न केवल तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होती है, बल्कि उन्हें मरीजों के साथ सहानुभूति, समझदारी, और एक सकारात्मक दृष्टिकोण से काम करना होता है।

### संकल्प कॉलेज के प्रयास

संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज के इस प्रयास से यह साफ है कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को सिर्फ क्लासरूम शिक्षा तक सीमित नहीं रखना चाहता।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस कार्यक्रम आयोजित



**नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय पी जी कॉलेज मे संचालित एन.सी.सी. इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जलदिवस के अवसर पर वन एमपी बटालियन जबलपुर के कमांडिंग आफिसर कर्नल समीर वोडास के निर्देशन पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. शोभा मिश्रा द्वारा जल संरक्षण के संबंध में जल के दुरुपयोग के बचाव एवं जल को कैसे संरक्षित रखा जावे, की जानकारी प्रदान की गयी। क्रीडा अधिकारी अर्पित सक्सेना द्वारा पानी की महत्वता के बारे अपने विचार रखे। कार्यक्रम की रूपरेखा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के मार्गदर्शन में लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश कुमार ठाकुर द्वारा तैयार की गयी। कैडेट्स जो युवा शक्ति है अपने आसपास के लोगों को पानी के अनावश्यक बहाव को रोकने का संदेश दें। जल संसार की पहली और सर्वोच्चतम औषधि है। कैडेट्स द्वारा भी जल संरक्षण पर अपने विचार रखे गये।

### 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन





**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 25 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इसी क्रम में डीटीसी शहरी क्षेत्र नरसिंहपुर के अंतर्गत राधाकृष्णन नर्सिंग होम नरसिंहपुर शहर के बीचों- बीच टीबी की बीमारी के प्रति जागरूकता के लिए आकाशीय बेलून लगाया गया। उल्लेखनीय है कि इस अभियान का उद्देश्य है कि टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देने और जन जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस दौरान जिले में 100 दिन टीबी की व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग, जांच, उपचार व जनजागरूकता को सुनिश्चित किया जा रहा है।

### विद्युत कर्मचारी संघ द्वारा खाकी के अपमान को लेकर कार्रवाई की मांग

**नरसिंहपुर।** गत दिवस विद्युत कर्मचारी संघ द्वारा संभाग में लाइन कर्मचारियों को मिलने वाला खाकी वर्दी का कपड़ा कर्मचारियों को न देकर ऑफिस की टेबलो में टेबल क्लाथ में उपयोग किए जाने से म प्र पूर्व क्षेत्र विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने आपत्ति के साथ दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि विशेष मानक नियमों के तहत सरकार द्वारा कपड़ा उपलब्ध कराकर सिलाई चार्ज और मासिक धुलाई चार्ज देकर बर्दी पहनना अनिवार्य किया गया है। जो सम्मान का प्रतीक है, परन्तु ऐसी अति जरूरी नियमावली का उल्लघंन करके खाकी कपड़ा कर्मचारियों को नहीं बांट कर पूरे कार्यालय की सभी टेबिलों पर टेबिल क्लाथ बनाकर बिछाया है, जो खाकी का अपमान है। यूनियन द्वारा अधीक्षण अभियंता से कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### लावारिस अवस्था में मिली कार, जांच जारी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र गोटेगांव के कंजई के पास एक लावारिस कार मिलने का मामला सामने आया है। कार दुर्घटना मे क्षतिग्रस्त भी हुई है। कार की स्थिति संदिग्ध है और उसके पास दो अलग-अलग राज्यों की नंबर प्लेट पड़ी मिली हैं। राहगीरों ने बताया कि कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह टूटा हुआ है। घटनास्थल पर पश्चिम बंगाल की नंबर प्लेट और महाराष्ट्र की नंबर प्लेट मिली है। कार के पूरी तरह लॉक होने के कारण अंदर की स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाई है।

## राष्ट्रवाद के लिए आयु नहीं संकल्प महत्वपूर्ण: मंत्री श्री पटेल

# मंत्री श्री पटेल ने किया भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण








**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।**

**गत दिवस प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अमर शहीद सरदार भगत सिंह जी की अष्टधातु से निर्मित विशाल 9 फीट प्रतिमा का अनावरण पुरानी गल्ला मंडी करेली में रविवार को किया।**

यह कार्यक्रम गुरुद्वारा गुरू सिंघ सभा एवं दशमेश युवा समिति करेली द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने शहीद भगत सिंह के जीवन से जुड़ा एक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि पंजाब में आपातकाल के दौरान वे अमृतसर में थे। उन्हें पं. अटल बिहारी वाजपेयी के पास एक पुस्तक मिली, जो इस दौरान ब्रिटिश हुकूमत के द्वारा प्रतिबंधित कर दी गई थी। इस किताब में सरदार भगत सिंह की फांसी से जुड़े मूल दस्तावेज थे। इस किताब को उन्होंने एक रात में पढ़ लिया।

### सामर्थ्य से ला सकते बदलाव

मंत्री श्री पटेल ने बताया कि फांसी से पहले भगत सिंह किताब पढ़ रहे थे। फांसी के समय उन्होंने पुलिसवालों से सिर्फ दो मिनट का समय मांगा। यह उनकी वैचारिक निष्ठा थी जो उन्हें मौत को चुनौती देने की शक्ति दे रही थी। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि सरदार भगत सिंह सहित 5 महापुरूषों के चित्र उनके घर पर लगे थे। इनमें महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, चंद्रशेखर आजाद और खुदीराम बोस शामिल थे। आज इस प्रतिमा का अनावरण किया गया है। यह प्रतिमा हमें संदेश देती है कि हम किस तरह हम अपने सामर्थ्य से बदलाव ला सकते हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए करेली गुरू सिंघ सभा एवं दशमेश युवा समिति का हृदय से आभार करता हूं। इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने अपने पूज्य आराध्य गुरू श्रीश्री बाबा श्री जी की कही बात को याद किया और कहा कि उनके गुरू ने कहा था कि जीवन सबको मिलता है, लेकिन यह जीवन जीवनी बन जाये, ऐसा बहुत कम लोगों में होता है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि राष्ट्रवाद के लिए उम्र नहीं, बल्कि संकल्प व विचारों की दृढ़ता जरूरी होती है। यह राष्ट्रवाद की भावना हमें शहीद भगत सिंह से मिलती है।

### संघर्ष की याद दिलाती रहेगी प्रतिमा

नर्मदापुरम सांसद चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि सरदार भगत सिंह का कृतित्व हम सबके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उस तरुण युवा ने 23 वर्ष की उम्र में अपने प्राणों की चिंता किए बगैर खुशी- खुशी फांसी के फंदे को चूम लिया। उनकी यह शहादत उन्हें मिले संस्कारों से मिलती है। यह मूर्ति कोई साधारण मूर्ति नहीं है, यह मूर्ति उनके किए संघर्ष की याद दिलाती रहेगी। आज ही के दिन राजगुरु, सुखदेव और सरदार भगत सिंह ने अपने प्राणों को देश के लिए न्यौछावर कर दिया था। मैं उनके चरणों में नमन करता हूँ। पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि भगत सिंह की यह मूर्ति हमारे नौजवानो को आजादी के संघर्ष का स्मरण कराते हुए प्रेरणा देगी। प्रतिमा स्थापना के लिए गुरूसिंघ सभा को बहुत साधुवाद। जलियांवाला बाग हत्याकांड ने भगतसिंह के बाल मन पर गहरा प्रभाव छोड़ा। उन्होंने तभी कसम खाई कि अंग्रेज सरकार के खिलाफ आजादी का बिगुल फूंकेंगे। उन्होंने लाहौर नेशनल कालेज की पढ़ाई छोड़कर नौजवान भारत सभा की स्थापना की और अपने साथी सुखदेव, राजगुरु के संग हिन्दुस्तान के युवाओं में रक्त का संचार किया। वर्ष 1931 कि यह शहादत हम आज ही गर्व से याद करते हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर राष्ट्रीय सदस्य गृह मंत्रालय भारत सरकार आयरन लैडी गुरमीत कौर धनई एवं पत्रकार ब्रजेश राजपूत ने भी सरदार भगतसिंह के जीवन और उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सुच्चा सिंघ अरनो (पटियाला वाले) द्वारा सरदार भगत सिंह जी का जीवन, हरविंद सिंघ पंजाबी रंगमंच पटियाला पंजाब द्वारा भगत सिंह जी के शहादत दिवस पर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर नाट्य प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल व हरेन्द्रजीत सिंह (बब्बू), इंद्रजीत सिंह खनूजा, नगर पालिका करेली की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार, उपाध्यक्ष एआईसीसी सिंसा अल्पसंख्यक विभाग महेन्द्र सिंह वोहरा, पं. रामस्नेही पाठक, सरदार सिंह पटेल, नरेन्द्र राजपूत, संभाग संयोजक पंजाबी साहित्य अकादमी अजीत सिंघ नैय्यर- सीटू, अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।




## कलेक्टर ने बच्चों एवं पालकों से किया संवाद

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं मार्गदर्शी शिक्षकों का ओलंपियाड सम्मान समारोह डाइट नरसिंहपुर में आयोजित किया गया। कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र, स्कूल बेग, ट्रैक सूट, पानी की बाटल, लंच बॉक्स, कैप आदि प्रदान कर उनका सम्मान किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार भी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने बच्चों एवं पालकों से भी संवाद किया। ग्राम बैहरपौंडी की कक्षा तीसरी की छात्रा सृष्टि वंशकार की माता श्रीमती विमला वंशकार से बच्ची के भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि ओलंपियाड प्रतियोगिता से बच्चों का आईक्यू स्तर सुधरता है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों पर सफलता या असफलता को लेकर किसी प्रकार का दबाव नहीं डाले। कलेक्टर ने सभी बच्चों, पालकों एवं शिक्षकों को ओलंपियाड प्रतियोगिता में मिली इस सफलता पर शुभकामनाएं दी।

## महिला अत्याचार व उत्पीडन पर कांग्रेस प्रवक्ता ने जताया विरोध

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



संपूर्ण मध्यप्रदेश के साथ नरसिंहपुर जिले में महिला अत्याचार उत्पीडन और दुष्कर्म के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण असामाजिक तत्व और अपराधी बेखौफ होकर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। जरूरत है कि हम सब ऐसी घटनाओं का विरोध करते हुए शासन-प्रशासन पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए दबाव बनाए। उक्त आरोप सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता सुश्री स्पर्श चैधरी ने लगाए। प्रेस कान्फ्रेंस में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत के अलावा अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। प्रदेश प्रवक्ता स्पर्श चैधरी ने बताया कि पिछले डेढ़-दो माह में ही नरसिंहपुर जिले में अनेक दुष्कर्म के मामले घटित हुए हैं जो हम सबके लिए चिंता का विषय है। नरसिंहपुर जिले की कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है, महिला अत्याचार के साथ-साथ अन्य अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। स्पर्श चैधरी ने प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना में वादे के अनुसार महिलाओं को 3000 रूपये प्रतिमाह दिए जायें। पूर्व विधायक सुनीता पटेल ने कहा कि जिले में प्रतिदिन समाचार पत्रों में अपराध की घटनाएं आती हैं। विशेषकर नाबालिक बच्चों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हम सबके लिए परेशानी और चिंता का विषय है। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति मिश्रा, आरिफा खान, गाडरवारा महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष संगीता जायसवाल, उर्मिला उइके, काजल सोनेलाल, गोल्डी खान, प्रियांश कहार आदि ने भी बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कई सवाल उठाये।

## नारियल से भरे एक ट्रक में लगी आग



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस थाना क्षेत्र सुआतला के बरमान चैकी अंतर्गत के नेशनल हाईवे 44 पर वाटिका ढाबे के पास पास नारियल से भरे एक ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। बरमान चैकी प्रभारी आशीष बोपचे ने बताया कि यह ट्रक तमिलनाडु से दिल्ली की ओर जा रहा था। रास्ते में अचानक आग लगने की जानकारी राहगीरों ने ट्रक चालक को दी। चालक ने तुरंत ट्रक रोका और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया। फिलहाल, ट्रक में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

## पोषण भी-पढ़ाई भी प्रशिक्षण में शामिल हुई कलेक्टर



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

राज्य शासन के निर्देशानुसार पोषण भी- पढ़ाई भी के संबंध में डाइट सभागार नरसिंहपुर में सोमवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले शामिल हुई। उन्होंने मार्गदर्शन देते हुए इस प्रशिक्षण के बारे में बताया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार भी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि जन्म से 6 माह के बच्चे का पोषण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान दिया जाये। बच्चें आंगनबाड़ी केन्द्र में अच्छा सीखें तथा पोषण के साथ-साथ पढ़ाई के विषय पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेल एवं चित्रकला के माध्यम से पढ़ाया जाये।

## स्कूल बैग पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस बैंक ऑफ इंडिया शाखा नरसिंहपुर से पधारे असिंडेट मैनेजर अमृत हुसैन और सब स्टॉफ समीर दास और जतिन रजक द्वारा विद्यालय के कक्षा 6वीं से 8वीं तक अध्ययनरत जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए, छात्र-छात्राएं स्कूल बैग पाकर खिल उठे और विद्यालय सहित छात्र-छात्राओं ने बैंक से पधारें अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया, इस वितरण कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा, प्रधान पाठक श्रीमती माधुरी गर्ग, विनोद बमनेले और माध्यमिक विभाग समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।



## युवा संगम स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला प्रशासन के निर्देशन में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेला का आयोजन किया गया। मेले में प्रतिनिधित्व कर रहीं विभिन्न संस्थाओं व प्रतिष्ठानों द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने हेतु स्टाल लगाए गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीलेश कांकोरिया, विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी रामसनेही पाठक, श्रीमती निशा सोनी (जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष), वरिष्ठ समाजसेवी सुनील कोठारी एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह उपस्थित रहे।

